इस मामले में, रेलवे शुरू से ही इस समपार के बदले ऊपरी सड़क पुल का ढांचा नियमानुसार अपने खर्च पर बनाने को तैयार रही है बशर्ते सड़क प्राधिकारी अपने खर्च पर पहुंच मार्गों का निर्माण साथ-साथ करे। लेकिन राज्य सरकार ने अभी तक ऊपरी सड़क पुल बनाने के लिये कोई निश्चित प्रस्ताव नहीं भेजा है। सम्भवतः इसका कारण यह है कि इस क्षेत्र में घनी आबादी के कारण सड़क के पहुंच मार्गों के निर्माण में भारी खर्च आयेगा। ज्यों ही राज्य सरकार इस ऊपरी सड़क पुल के निर्माण के लिये निश्चित प्रस्ताव भेजेगी और पहुंच मार्गों का निर्माण शुरू करने की स्थिति में होगी, रेलवे पुल बनाने के लिये तैयार हो जायेगी।

(घ) सवाल नहीं उठता।

**Aerial Survey of Rajasthan**

**3493. Shri Ram Gopal Shalwale:**
**Shri Yashpal Singh:**

Will the Minister of **Steel, Mines and Metals** be pleased to state:

(a) whether his attention has been drawn towards the allegations made In the Rajasthan Assembly that the plane of the American company, which had been conducting an aerial survey, had flown towards the strategic areas on the border;

(b) whether any enquiry has been made in the matter; and

(c) if so, the result thereof?

**The Minister of Steel, Mines and Metals (Dr. Chenna Reddy):** (a) to (c). The attention of the Central Government has been drawn to the discussion on an adjournment motion by Shri Bhairon Singh, Leader of the Jana Sangh party in the Rajasthan Legislative Assembly on 1st June, 1967 regarding violation of Indian airspace by a Pakistani aircraft and the espionage activities in the border areas. The allegations regarding the aircraft of the American Company in charge of aerial survey operations are altogether baseless; the work of aerial survey in Rajasthan has not yet started. The American Company, who have been awarded a contract for this purpose have not yet brought any aircraft into India.

**मध्य प्रदेश में सीमेंट का कारखाना**

**3494. श्री ब्रह्मानन्दजी :**
**श्री जगन्नाथ राव जोशी :**
**श्री हुकम चन्द कछवाय :**
**श्री राम सिंह अयरवाल :**

क्या औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में दामोह जिले में पथारिया में एक सीमेंट कारखाना स्थापित करने के लिये सरकार ने बिड़ला भाइयों को एक लाइसेंस दिया है;

(ख) यदि हां, तो उस कारखाने का निर्माण-कार्य कब पूरा हो जायेगा; और

(ग) उस कारखाने की प्रस्तावित उत्पादन क्षमता कितनी है ?

**औद्योगिक विकास तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) :** (क) से (ग). बिड़ला जूट मैन्यूफैक्चरिंग कम्पनी लि० को नवम्बर, 1964 में एक आशय पत्र जारी किया गया था, जो पथरिया में 200,000 मी० टन वार्षिक क्षमता वाला सीमेंट का एक कारखाना स्थापित करने के बारे में 6 महीने के लिये मान्य था और बाद में जिसकी अवधि 31-12-65 तक बढ़ा दी गई थी। सीमेंट उद्योग को अब 13 मई, 1966 के उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम 1951 के लाइसेंस देने वाले उपबन्धों से मुक्त कर दिया गया है और अब सीमेंट का कारखाना स्थापित करने के लिये लाइसेंस लेने की किसी को आवश्य-

कता नहीं रह गई है अथवा पुराने आशय-पत्रों की मान्यता की अवधि बढ़ाने की अनुमति प्राप्त करना आवश्यक नहीं है। बिड़ला जूट मैन्यूफैक्चरिंग कम्पनी लि० द्वारा कोई प्रगति की सूचना नहीं दी गई है।

### बीना स्टेशन पर दुर्घटना

3495. श्री ब्रह्मानन्द जी :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री राम सिंह अग्रवाल :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 31 मई, 1967 के 'नवभारत टाइम्स' में छपी यह खबर सही है कि मध्य रेलवे में बीना स्टेशन पर एक रेल दुर्घटना हो गई थी जिसके परिणामस्वरूप एक व्यक्ति मारा गया और दो घायल हो गये;

(ख) यदि हां, तो दुर्घटना के क्या कारण थे;

(ग) इस दुर्घटना के परिणामस्वरूप जान व माल की कितनी हानि हुई; और

(घ) इस बारे में क्या कार्यवाही की गई है?

रेलवे मन्त्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) और (ग). सम्भवतः आशय इस दुर्घटना से है जिसमें 29-5-1967 को मध्य रेलवे के बीना-कटनी खण्ड के सुमरेरी स्टेशन पर अप सेक्शनल और ट्रांशिपमेंट एक्सप्रेस मालगाड़ी बालू हम्प साइडिंग में घुसने के बाद पटरी से उतर गयी थी। इस दुर्घटना में गाड़ी का ड्राइवर मारा गया और गाड़ी के दो फायरमैनों और गार्ड को हल्की चोटें आयीं। रेल सम्पत्ति को लगभग 1,81,150 रुपये के नुकसान का अनुमान है।

(ख) दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है।

(घ) दुर्घटना का कारण निश्चित हो जाने के बाद उपयुक्त कार्यवाही की जायेगी।

### Public Sector Coal Mines

3496. **Shri Kameshwar Singh:**
**Shri A. Sreedharan:**
**Shri K. M. Madhukar:**

Will the Minister of **Steel, Mines and Metals** be pleased to state:

(a) the steps taken to modernise the coal mines in the public sector during 1966-67; and

(b) the amount of foreign exchange, if any, used for the purpose?

**The Minister of State in the Ministry of Steel, Mines and Metals (Shri P. C. Sethi):** (a) and (b). Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

### Export to Coking Coal to Japan

3497. **Shri Inderjit Malhotra:** Will the Minister of **Commerce** be pleased to state:

(a) whether Government propose to export about 0.25 million tonnes of coking coal to Japan;

(b) the stage at which the negotiations with the prospective importers of that country stand at present;

(c) whether the Metals and Minerals Trading Corporation alone is authorised to export coking coal or private producers also are allowed to explore possibilities to export coking coal; and

(d) the incentives/facilities being offered for encouraging export of coking coal?